Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)


(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-04-2022 | अंक 196

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com




# APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## लसकरी का सामुदायिक भवन खंड्हर में हुआ तब्दील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खंडहर मे तब्दील हुवा भवन

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लसकरी का सामुदायिक भवन एक दशक से अधिक समय से खड़हर में तब्दील हो गया है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है की लाखो की लागत से सामुदायिक भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भवन का दरवाजा और खिड़की भी गायब है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब गांव में कोई स्कूल नहीं था तब इस गांव के लोग इस भवन में स्कूल चलवाते थे। उपेक्षा के शिकार होने से चार – पांच साल से भवन खड़हर में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती है। जिसके कारण यहां के लोग लाभ से वंचित रह जाते है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने कहा की अगर इस सामुदायिक भवन का जीर्णोधार करा दिया जाए तो तो इस भवन को मैरेज ह०ल के रूप में विकसित किया जा सकता है। जिससे हमारे में गरीब लोगो को इसका लाभ मिल पाए। साथ ही साथ ग्रामीणों ने आला अधिकारियों एवं बरही विधायक से भवन का जीर्णोधार कराने का मांग किया है।


## गुड़ियों में धूम धाम से मनाया गया डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती, शामिल हुए समाजसेवी मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत गुड़ियों में दानवीर क्लब ने डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी मो कयूम एवं दशरथ यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित किया। वहीं समाजसेवी मो कयूम ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा की संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने देश को सामाजिक समानता का रास्ता दिखाया। उन्होंने विज्ञान और तकनीक के जरिए देश के विकास का सपना देखा था। हम सभी सम्मान से उन्हे बाबा साहब कहते है भीम राव का सरनेम पहले शसकपालश था। बाद में उनका सरनेम अंबेडकर हुआ, जिसके बाद उनका पूरा नाम डॉ भीम राव अंबेडकर लिखा जाने लगा। मौके पर लोजपा कोडरमा के जिलाध्यक्ष बा. सुदेव पासवान, दशरथ यादव, कांति देवी, रामकिसून ठाकुर, राजेंद्र यादव, मो मंसूर, कार्तिक पासवान, विद्यासागर पासवान, डॉ उमेश भारती, अली मियां , मुनिलाल ठाकुर एवं मुख्तार अंसारी मौजूद थे।

## संपादकीय



**डॉ अनिल कुमार**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ,झारखंड ----- एक मौका अपने सच्चे ,हमदर्द और विकासोन्मुख जन प्रतिनिधि चुनने का अब जब कि चुनाव की रणभूमि की बिसात बिछ चुकी है और आपके छेत्र के उम्मीदवार प्रचार प्रसार में कूद पड़े हैं तो जनता के लिए एक मौका है कि विकासपुरुष को चुने जिसमे निस्वार्थ सेवा करने की लालसा हो । और जो राजनीति को अपने हितों को साधने का,,अकूत धन सम्पति और सत्ता को साधने के माध्यम बनाना चाहते हों उन्हें सिरे से खारिज कर दें। जाती धर्म और पार्टी के आधार आप अपने नुमाइंदे न चुनें। सवाल यह उठेगा की ऐसे प्रत्याशी कौन हो सकते हैं। आप तीन मापदण्ड सेट करें
ऐसे उम्मीदवार जो अपनी बा. तों को प्रमुखता से रखने की क्षमता रखते हों जोआपके कठिन समय मे आपके साथ खड़ा रहता है जिसके पास धन संपत्ति और संस्कार ऐसे हो कि उसे रा. जनीति से धन अर्जित करने की जरूरत नही हो और रा. जनीति को मात्र समाजसेवा का माध्यम बनाने की सोच रखता हो। बरही के संदर्भ में मतदातओं को भली भांति मालूम है कौन उम्मीदवार इन मापदंडों पर खरा उतरता है जरूरत है बरही के मतदाता इन मापदंडों पर खरा उतरने वाले विशेष रूप से अपेम ट्रस्ट के तपे- तपाये झुझारू मुख्य संरक्षक कपिल केसरी प्रमुख पद के दावेदार हैं और जिसका रास्ता पंचायत समिति के चुनाव से हो कर जाता है उन्हें विजयी बनाएं। अपेम ट्रस्ट उन्ही उम्मीदवारों को आगे लाएगा जो सर्वश्रेष्ठ होंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे




## बाबा साहब अम्बेडकर ने किया समतामूलक समाज का निर्माण : बिनोद विश्वकर्मा

### झामुमो ने मनाई बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती, प्रगिमा पर किया माल्यार्पण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते बिनोद विश्वकर्मा

झामुमो बरही प्रखण्ड की कमेटी की ओर से बराटांड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। झारखण्ड आंदोलनकारी सह झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड उपाध्यक्ष संजय रविदास ने किया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता और भारत के दलितों, शोषितों, वंचितो,पिछड़ों और हर जरूरत मंदो की मुखर आवाज बाबा साहब ने ही दी। बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही हम अपने राज्य की बेहतर तरक्की कर सकते हैं। मौके पर संजय रविदास, दिनेश रविदास, जितेंद्र रविदास ,दामोदर रविदास,रवि रविदास ,विजय रविदास ,ललित कुमार, छोटू रविदास ,राहुल रविदास, सुजीत रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

## अब्दुल उर्फ संजय मलकोको पंचायत से मुखिया पद के लिए 18 अप्रैल भरेंगे प्रपत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अब्दुल उर्फ संजय

बरही के मलकोको पंचायत से अब्दुल अंसारी उर्फ संजय ने अगामी पंचायत चुनाव के लिए मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश करदीय इस चुनाव हेतु आगामी 18 अप्रैल 2022 को मुखिया पद के लिए अपना नामांकन प्रपत्र भरेंगे। उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षो से पंचायत के जनता के बीच रहकर जनता के हरेक छोटे बड़े कामों में सहयोग दिया है। लोगों के बीच उनके दुःख सुख में शारिरिक सहायता के साथ आर्थिक रूप से भी सेवा दी है। अब्दुल अंसारी ने अपने पंचायत के लोगो को भरोसा दिलाते हुए वादा किया कि विगत कई वर्षो से जो हमारे गाँव में विकास की कमी रही है उस कमी को निष्ठा पुर्वक पूरा करना पहला कर्तव्य होगा। जैसे गाँव के पढ़ने वाले बच्चों के लिए पुर्ण व्यवस्थित विद्यालय का निर्माण करवाना। गरीब लोगों को उनके आवश्यकता अनुसार उनको भरपूर सहयोग करना। वैसे लोग जो आवास से वंचित हैं उन्हें आवास प्रबंध करवाना। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे पंचायत में कई वर्षो से कई प्रकार के विकास से अछूता हैं। हर प्रकार का विकास को पंचायत के गाँव - गाँव मे उतारने की वादा किया। उन्होंने बताया कि मैं कथनी से ज्यादा करणी पे भरोसा करता हूँ। ओरो के जैसा केवल भाषण ही नहीं बल्कि जरूरत मंदों को राषन का भी पूर्ती करवाऊंगा। मलकोको पंचायत सदियों से एक आदर्श गांव रहा है। और आदर्श गांव के साथ साथ एक सुंदर लो. कतांत्रिक समाज बनाने की यथासंभव प्रयास किया जायेगा। देश के हित के लिए हर प्रकार के सवैंधानिक कार्य करना हमारा लक्ष्य होगा। अंततः उन्होंने मलकोको पंचायत के सभी बूढ़े ,बच्चे, युवा, महिलाओं से अपील किया कि आने वाले 18 अप्रैल को एक शान्ति संघीय तहत नामांकन प्रपत्र भरने में हमारा हौशला को बढ़ाने में सहयोग करें। और अपने बहुमूल्य मत देकर हमें सेवा करने का मौका दें।

## भाजपाइयों ने मनाया डॉ भीम राव अंबेडकर की 131 वाँ जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही भाजपा पश्चिमी एवं पूर्वी मंडल ने भाजपा नेता अमित साहू के अध्यक्षता में बाराटांड में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा माल्यार्पण कर 131 वाँ जयंती मनाया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, महामंत्री कमल शंकर पंडित, सांसद प्रति. निधि गणेश यादव, पूर्वी युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश केशरी, आर एस एस के त्रिवेणी साहू, पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, संजय रविदास, अनुज रविदास, एवं संतोष निषाद मौजूद थे।

APEM LIVE

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


# RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।
——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



# CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL PURHARA
विद्या ददाति विनयम्

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum

CLASS : Nusery to VIIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए नि: शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डलवा दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है।

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)
Mob. 9973278122, 9199197021

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
# कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

# कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## छत से गिरकर महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिंघरावा निवासी सिकंदर सिंह की पत्नी चांदनी देवी उम्र 27 वर्ष छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## चुनाव आचार संहिता की निगरानी को लेकर पर्यवेक्षक नियुक्त

**अपेम लाइव :**
**सोनु पंडित**

त्रि स्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन - 2022 चुनाव की तिथि के घोषणा के साथ ही दिनांक 9-4-2022 से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त आलोक में राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता की कड़ी निगरानी के लिए टीम का गठन किया । प्रत्येक पंचायत में एक सुपरवाइजर बनाया हया है। खड़गधारी प्रसाद मेहता पंचायत सचिव को गौरियाकरमा, रामबृक्ष सिंह पंचायत सचिव को बरही पश्चिमी, प्रबील राम पंचायत सचिव, कोनरा, समीरकांत रंजन पंचायत सचिव जनसेवक सह पंचायत सेवक करियातपुर, नेमधारी महतो पंचायत सचिव बरसोत, कोलेश्वर प्रजापति पंचायत सचिव पंचमाधव, पोख राज यादव पंचायत सचिव विजैया, रामचंद्र पासवान रोजगार सेवक खोड़ाहर, रंजन कुमार मेहता रोजगार सेवक करसो, प्रभु दयाल रोजगार सेवक दुलमहा, अनिल प्रभात रोजगार सेवक बेंदगी, सुधीर कुमार रोजगार सेवक कोल्हुआक्ला, अवध किशोर अकेला रोजगार सेवक डपोक, शिबू कुमार विश्वकर्मा रोजगार सेवक रानीचुवा, बिनोद कुमार रोजगार सेवक रसोइया धमना, अरविंद कुमार यादव रोजगार सेवक बरही पूर्वी, सामंत कुमार रोजगार सेवक मलकोको, मुनाजिर हसन रोजगार सेवक भंडारों, प्रदीप कुमार रजक रोजगार सेवक केदारूत एवं रामेश्वर कुमार रोजगार सेवक धनवार शामिल है। साथ ही इन सभी को निर्देश दिया गया की आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी अगर कोई मामला प्रकाश में आता है तो संगत प्रावधानों के तहत कार्यवाई करते हुए इसकी सूचना अदोहस्ताक्षारी को उपलब्ध कराएंगे।

## बाराटांड में मनाया गया बाबा साहब का 131 वाँ जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**






बरही अंबेडकरनगर बाराटांड में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ .भीमराव आम्बेडकर का 131 वाँ जयंती धूम धाम से मनाया गया। वहीं मौके पर मौजूद लोगो ने बारी बारी से बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा। वहीं चारों रोड में मोटरसाइकिल शोभायात्रा निकाला गया। मौके पर डॉ उमेश कुमार दास, जिला परिषद संतोष रविदास, साधु शरण दास, मनोज रविदास, अजय आनंद, गुरुदेव गुप्ता, अनुज रविदास, राज आर्यन उर्फ छोटी, संजय राम, दिनेश रविदास, वि. रेंद्र रविदास, गुड्डू रविदास, विनय रविदास, रवि रविदास, सिकेंद्र रविदास, निलेश रविदास, शीतल रविदास रविदास, रवि कुमार,गौतम रविदास, राम जी, नीरज, सागर, सूरज,भोला, राजा एवं शिबू सहित कई लोग मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने पति पत्नी को कुचला ,भयभीत ग्रामीण

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :- प्रखंड के खरगु ,चोबे ,एवं अलगडीहा पंचायत में झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने जमकर उत्पात मचा रहा है। खरगु पंचायत के बेडमकी में लगभग 4रू30 बजे सुबह घर के ही बगल महुआ चुनने गये पति पत्नी भीखलाल पंडित उम्र लगभग 60 वर्ष इनकी पत्नी शांति देवी उम्र लगभग 55 वर्ष को हाथी ने कुचल डाला। घटनास्थल पर ही भीखलाल पंडित की मृत्यु हो गई, उनकी पत्नी शांति देवी को आनन-फानन में इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दूरभाष के द्वारा दिया गया, सूचना मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी रेंजर आनंद कुमार सिंह अमर रणधीर अपने दल बल के साथ या कर मृत परिवार के पुत्र को 50 50 हजार रुपए तत्काल दिया गया। और 6-6 लाख रुपए अंचलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद दिया जाएगा। चल. कुशा थाना के एसआई राधा गोविंद उराव और चौकीदार कैलाश पासवान ने अपना अनुसंधान कर शव पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। इसकी सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी ,सुखदेव यादव विधायक प्रति. निधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रति. निधि केदार यादव उपप्रमुख दुर्गा यादव युवा नेता आलोक सिंह मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडेय पंचायत समिति सदस्य भूदेव चौधरी महबूब अंसारी अनुज रवि सभी समाजसेवी ने कहा कि एक हाथी बिछड़ा हुआ बराबर इस प्रखंड क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है जैसे अलगडीहा पंचायत के दिग. वार में विशुन साव चौबे मैं सलामत मियां गंगीया देवी पति कन्हाई सिंह बालों सिंह का हाथ पैर कमर का पसली तोड़कर जख्मी बना दिया । वन विभाग के अधिकारी से कहा कि आप लोग तत्काल बिछड़ा हुआ हाथी को भगाने का काम करें जिससे इस प्रखंड क्षेत्र की जनता अमन शांति से रह सके। इस मौके पर राजू पंडित सीताराम पंडित रोहित यादव सीताराम नायक किशोर मोदी दीपू चौधरी राजेंद्र साव समेत अन्य ग्रामीण जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## रामेश्वर मोदी महादेव मोदी हाई स्कूल में मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

**अपेम लाइव : चन्दवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड के रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू हाई स्कूल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 131वीं जयंती विद्यालय के प्रधानाचार्य राधे श्याम शुक्ला के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान महामानव भारत रत्न ड०क्टर भीमराव अंबेडकर की जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य श्री शुक्ला ने कहा कि डॉ भीमराव का जीवन चरित्र काफी प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि समकालीन भारत मे उनके जैसा विद्वान नहीं हुए। उन्होंने कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर शिक्षक राकेश कुमार शुक्ला, सुरेश कुमार रजक, रंजीत कुमार, जय प्रकाश पा. सवान, धर्मेंद्र पासवान एवं बीएड प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

## दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा ने मनाया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

### बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प



कोडरमा में बाबा साहेब की जयंती मनाती दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के लोग

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा जिला इकाई की ओर से भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान झुमरी तिलैया बाईपास स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मन अर्पण कर लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव राम ने किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समकालीन भारत के सबसे विद्वान व्यक्ति थे। उन्होंने भारतीय संविधान और लिख कर भारत को गौरवान्वित करने का काम किया। वक्ताओं ने कहा कि आज बाबा साहब द्वारा बताए गए मार्गदर्शन पर चलकर भारत को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने कहा कि आज केंद्र सरकार द्वारा संविधान में छेड़छाड़ करने की साजिश की जा रही है। जिसे दलित समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान संध्या 7:00 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में दलित समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में दीप जलाकर बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज रजक, प्रकाश अम्बेडकर, प्रेम प्रकाश, विजय रजक, रामबालक चौधरी, संजय दास, खगेन्द्र राम, मनोज दिवाकर, विनोद राम, समाजसेवी शैलेश कुमार शोलु, बासुदेव पासवान, राधेश्याम शुक्ला, विनोद दीवाना, सहदेव दास, महेंद्र चौधरी, रंजीत पा. सवान, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास कुमार, महेंद्र दास, जयप्रकाश पा. सवान, सुरेश कुमार रजक मनोज कुमार, मुखिया धीरज कुमार, गणेश दास, राज किशोर दास, राज. कुमार रविदास, जयराम प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## चलकुशा में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के 131वीं जयंती मनाई गई

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



प्रखंड मुख्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती मनाई गई। बाबा अंबेडकर के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर नमन कर जयंती मनाई गई। जयंती में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया। एवं उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया और उनके विचारों पर चलकर कई युवाओं की जिंदगी बदल गई। हम लोगों को भी उनके विचारों पर चलना चाहिए। युवा अंबेडकर क्लब चलकुशा के युवा लोग बाबा साहब के विचारों पर चलने का संकल्प लिया मौके पर युवा नेता आलोक सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विधायक प्रति. निधि दिनेश सिंह, समाजसेवी बसंत पांडेय, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, लखन साव, अशोक दास, सलीम अंसारी, मोइन अंसारी,राजकुमार पंडित, श्रीकांत ठाकुर, मुन्ना राणा, संतोष भुईयां, मुन्ना दास, श्रीकांत ठाकुर, रहमान अंसारी, जानकी मियां, अजय चौधरी, दसरथ यादव, सुरेंद्र दास, चंदन दास, धर्मेंद्र दास, रंजीत दास एवं अन्य लोग शामिल हुए।

## संजीवनी अकादमी में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



संजीवनी अकादमी में अम्बेडकर जयंती मनाते बच्चे

प्रखण्ड के बाँझेडीह फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में शुक्रवार को डॉ भीमराव अम्बेदकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक सह -प्राचार्य संजीव कुमार ने डॉ अम्बेदकर की तस्वीर पर शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डॉ अम्बेदकर पर भाषण प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें शुभम कुमार को प्रथम स्थान मिला। विद्यालय निदेशक श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में डॉ अम्बेदकर के जीवनी पर विस्तार से बच्चों को बताते हुए कहा की बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर आधुनिक भारतीय चिन्तकों में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद, राजनेता तथा समाज सुधारक थे। अपने प्रगतिशील कृतित्व और रोशन व्यक्तित्व के कारण वे आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। हमसब को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन का आत्मसात करना चाहिए। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार वर्मा, निशा वर्णवाल, पिंकी सोनी सहित विद्यालय के समस्त छात्र व छात्रा मौजूद थे।

## पूर्व विधायक के आवास पर मनाया गया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**अपेम लाइव :**
**सोनु पंडित**



बरही पटना रोड स्थित पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के आवास पर गुरुवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की जयंती काफी सादगी के साथ मनाया गया। इस बाबत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बाबा साहब के विषय मे बताते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नही अपितु एक विचार थे, ऐसा विचार जिसमे अमीर, गरीब, उच, नीच नाम जैसा कोई चीज नही होता। उनके विचारो में लोगो की पहचान उसकी जाती या धर्म से नही उसके ज्ञान एवं कर्मो से होनी चाहिए। इसी आशय से उन्होंने भारत देश के लिए विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्शो को अपने अंदर आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद भाग 4 प्रत्याशी प्रीती कुमारी, बेन्दगी पंचायत मुखिया उम्मीदवार दिनेश साव, विश्व हिंदू परिषद जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, युवा भाजपा नेता रितेश गुप्ता, विनोद यादव, सचिन यादव, रघु मोदी, डिलो पासवान, केदार यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव, ज्योतिष यादव, मनोज उपाध्यक्ष, सन्तोष यादव, नान्हू यादव, पिंटू यादव सहित दर्जनों सामाजिक व रा. जनीतिक कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चंदवारा में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


चंदवारा में अम्बेडकर जयंती मनाते लोग

चंदवारा पानी टंकी स्थित बाबा साहब प्रतिमा के समीप ल रविदास समाज की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंधन राम व संचालन मनोज दास ने किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। मौके पर संजय दास, मनोज दास, मनोज रजक, विकास अंबेडकर, लक्ष्मण यादव, सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं ग्राम तितिरचांच में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती समारोह का यायोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कोडरमा जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थिति हुये। कार्यक्रम की अध्यक्ष अनिल दास एवं संचालक सुनील दास ने किया। सम्बोधन को महादेव राम कैलाश दास, मुंशी चरण दास, राजकुमार दास, बाबूलाल दास, मनोज दास, रामदेव यादव, मुना दास ने अपने संबोधन में बारी बारी से बाबा साहब का जीवनी के बारे में बताएं और कहा कि बाबा साहब नही होते तो आज पूरी दुनियां में भारत जैसा कानून व्यवस्था नहीं होता। आज बाबा साहब का जयंती पूरी दुनियां में मनाया जा रहा है। मौके पर भोला दास, कार्तिक दास, मुरली कुमार, विजय कुमार दास, प्रदीप कुमार, सुरेंदर दास, राजेश कुमार, मूर्ति दास, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, मुंशी दास, दीपक कुमार यादि लोग उपस्थिति थे।

## खैरियो लाल मैदान में साप्ताहिक बाजार शुरू, विधायक ने किया उद्घघाटन

### मानव विकास सामाजिक संस्था के पहल से शुरू हुआ साप्ताहिक बाजार

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा रूप्रखंड के खैरियो लाल मैदान में सामाजिक संस्था मानव विकास केंद्र के प्रयास से साप्ताहिक बाजार लगाए जाने का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। बाजार उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि प्रमुख रामलखन मेहता, निवर्तमान जिप सदस्य मीना देवी, मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद, अतिथि झामुमो नेता वासुदेव महतो, मो कुदुश अंसारी, समाजसेवी मो कलीम खान उपस्थित थे। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि सुदूरवर्ती और वनों, पहाड़ से घिरे इलाके में साप्ताहिक बाजार लगने से गांवों का विकास होगा गांव के किसान अपनी उपज को स्थानीय बाजार में खरीद बिक्री होने से उन्हें सुविधा होगी उन्होंने लोंगो से कहा कि बाजार स्थल में सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख रामलखन मेहता ने कहा कि लोंगो को साप्ताहिक बाजार के लिए सोमवार को बरकट्ठा जाना पड़ता था। बाजार लगने से लोंगो को सुविधा होगी। संस्था सचिव बीरबल मेहता ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण किसानों के उत्पाद के बिक्री के लिए बाजार लोंगो के सहयोग से संभव हुआ है। बाजार लगने से ला. ेंगो को रोजगार के अवसर मिलेगा। समारोह को वासुदेव महतो, मीना देवी, कलीम खान ने भी संबोधित किया। साप्ता. हिक बाजार को शुरु कराने में संस्था के सुरेश रविदास, अंजू मुर्मू, ईश्वर दयाल महतो, राहुल कुमार, र०बिन कुमार, गीता देवी, महेश मांझी, राजाराम मांझी, शिबू मांझी ने सराहनीय योगदान दिया है।

## भूख हड़ताल पर बैठने गये दलित युवक को चंदवारा सीओ ने मारा थप्पड़, मामले ने पकड़ा तूल

### सीपीआई की बैठक में सीओ पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने का लिया गया निर्णय

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



भाकपा जिला परिषद कोड. रमा की बैठक स्थानीय झुमरीतिलैया साहू धर्मशाला में जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने पेश किया। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि कांको निवासी दशरथ पासवान 14वें वित्त आयोग से नाली का काम लिया गया था। जिसे एक साल पूर्व काम कर लिया गया था। फाइनल बिल बन चुका था 58 हजार रूपये और पाना था इसके लिए उसने बीडीओ, पंचायत सचिव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर तथा मुखिया से विगत 6 माह से राशि भुगतान के लिए आग्रह किया। सिर्फ उसे आश्वासन ही मिलता था। विवश होकर 6 अप्रैल 2022 को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा को लिखित आवेदन दिया कि अगर 12 अप्रैल तक भुगतान नहीं हुआ तो 12 अप्रैल से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठूंगा। सूचना देने के बाद भी पैसा नहीं मिला तो पूर्व लिखित आवेदन के मुताबिक दशरथ पासवान चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने लगा। जैसे ही वो बैनर टांगने लगा अंचलाधिकारी राम रतन कुमार बरनवाल, उनके अंगरक्षक तथा ब्लॉक कर्मी सभी मिलकर दशरथ पा. सवान को गाली गलौज किया। इसी बीच रामरतन कुमार बरनवाल दशरथ पासवान को थप्पड़ मारा एवं बैनर फाड़ दिया तथा अपमा. नित किया। इसके बाद पुलिस बुलाकर जबरन धक्का देकर थाना भिजवा दिया। यह घटना काफी निंदनीय है। इससे प्रतीत होता है कि झारखंड में हेमंत सोरेन के सरकार में अधिकारियों का मनोबल बढ़ गया है। जबरन दशरथ पासवान को भगा देना अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। भारत के संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी मूल अधिकार है। आजादी के इतने दिनों बाद शांतिपूर्वक भूख हड़ताल करना अधिकारियों को नाग. वार लगता है। इससे मानवा. धिकार का हनन हुआ है। भाकपा जिला परिषद कोड. रमा मांग करती है कि जांच कर अंचलाधिकारी एवं उनके अंगरक्षक के विरुद्ध कारवाई की जाए नहीं तो पार्टी आंदोलन चलाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि 12 अप्रैल 2022 को चंदवारा अंचलाधिकारी ने एक दलित युवक को अपमा. नित किया है एवं जबरन धरना स्थल से भगा देना व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला है। अगर संतोषजनक कार. वाई नहीं हुई तो राज्य परिषद की बैठक में इसे उठाया जाएगा एवं पूरे राज्य में आंदोलन चलाया जाएगा। कोडरमा जिला में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही है कोडरमा जिले के सांसद और विधायक मौन है तथा मुकदर्शक बने हुए हैं। आने वाले चुनाव में इन प्रति. निधियों को जनता के समक्ष जवाब देना होगा। बहुत जल्द ही इस विषय पर पार्टी की बैठक कर आगे आंदोलन पर विचार किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए उपप्रमुख वीरेंद्र यादव ने कहा कि जिले में अधिकांश चापाकल खराब पड़े हैं। मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर नहीं चल रहा है। पानी का जलस्तर नीचे चला गया है, कई चापाकल सूख चुके हैं। इस भीषण गर्मी में जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को गांव-गांव टैंकर से पानी आपूर्ति कर लोगों का प्यास बुझाने का काम करना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए धनेश्वर शर्मा ने कहा कि झुमरी तिलैया में पानी का भयंकर संकट हो गया है। महात्मा गांधी मार्ग रोड में पानी का अत्यधिक संकट हो गया है। नगर परिषद के विशेष पदा. धिकारी टैंकर से पानी की व्यवस्था करें। बैठक को संबो. धित करते हुए महिला नेत्री सोनिया देवी ने कहा कि पंचायत चुनाव में ओबीसी का आरक्षण छीनना भारतीय संविधान का उल्लंघन है। इससे ओबीसी आक्रोशित होंगे। बैठक में सदस्यता अभियान एवं पार्टी नवीकरण पर विशेष चर्चा किया गया। जून के अंतिम सप्ताह में जिला सम्मेलन होने की संभावना है। बैठक में रामकुमार यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, छोटेलाल यादव, रामेश्वर यादव, कामेश्वर राणा, रंजन कुमार रजक, शंभू सिंह, काली सिंह, मथुरा रजक, नकुल ठाकुर, अर्जुन रजक, बाल किशन ठाकुर, दशरथ पासवान, सिकंदर कुमार, रामचंद्र यादव, कैलाश रजक, सुदामा यादव, कामेश्वर पंडित, बलवा देवी, बबलू दास, किशोर यादव आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय ने किया। इधर सीओ रामरातन कुमार बरनवाल ने सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर दशरथ पासवान के खिलाफ चंदवारा थाना में आवेदन दिया है।

## बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 131वीं जयंती मनाई गई



**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत के सक्रेज में हर्षोल्लास सें जिसमें मुख्य अतिथि महादेव राम और विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार गुप्ता , पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो. कलीम खान, समाज सेवी धानेश्वर यादव एवं सोनू यादव, मुखिया प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद उप. स्थित थे. मुख्य अतिथि महादेव राम ने कहा कि हमारे संविधान की विचार को समझना है और बच्चों को शिक्षा में बल देते हुए बच्चों को उचित शिक्षा देने को कहा और बाबा साहब के विचारों पर चलने को कहा. विशिष्ट अतिथि जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब के विचार हमेशा इंसान को समाज के प्रति प्रेरित करते हैं इसलिए आप सभी अपने समाज को जोड़ने का प्रयास अनवरत जारी रखे. हम भारतीय ऐसे धर्म और संविधान को मानते हैं जो स्वतंत्रता, समानता व भाईचारा सिखाए. इस कार्यक्रम के संचालन कर्ता भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास, प्रखंड उप सचिव अर्जुन रविदास, विजय रविदास, अनिल दास, राजू दास, ईश्वर दास, सुरेश दास, बैजंती देवी, गायत्री देवी, निशा देवी, सुमन रवि, राजेश, रो. हित, टिंकू, रूपेश, राहुल, अर्जुन मुर्मू आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## सलैया पंचायत से मुखिया पद से सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकु 22 को नामांकन करेंगे

### सलैया को आदर्श पंचायत बनाने का लक्ष्य है

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा जैसे जैसे पंचायत चुनाव की तारीखें चर्चा हो रही है वैसे वैसे पंचायत चुनाव में प्रत्यशियों के दावेदारों की चर्चा आने लगी है इसी कड़ी में सलैया पंचायत से सूर्यदेव मंडल (टिंकु) पिता स्व ओमप्रकाश प्रसाद ने अपनी मुखिया पद की दावेदारी पेश की है उन्होंने 22 अप्रैल को मुखिया पद के लिए नामांकन करने का निर्णय लिया है उन्होंने गांव के मतदाताओं को नामांकन में शामिल होने की अपील की है ज्ञात हो सूर्यदेव मंडल की पत्नी रिंकी कुमारी वर्तमान में सलैया पंचायत से पंसस है सूर्यदेव मंडल का कहना है की मेरे स्व पिता जी का सपना था कि सलैया के विकास में हम पूरा योगदान दे उनके सपनों को साकार करने व पंचायत के विकास को लेकर ही पिछले पांच वर्षो से प्रखण्ड, अंचल व थाना से सम्बंधित मामलों को लेकर जनता से सीधा जुड़ाव रहा है ग्रामीणों के कार्यो को लेकर 24 घण्टे तैयार रहता हूँ मेरा उद्देश्य है पंचायत के दोनों का गांव में सर्वांगीण विकास सभी गली नली मोहल्ले की पक्कीकरण, नाली निर्माण व पीसीसी पथ का सम्पूर्ण विकास किया जाएगा सलैया पंचायत की हर समस्या का समाधान करेंगे। गरीब लोगों को पीएम आवास,बिरसा आवास, एवं राशन कार्ड व जरूरतमंद लोगों को पेंशन उपलब्ध कराएंगे ।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## 21 अप्रैल को नामांकन करेगी संतोषी कुमारी, भाग तीन से है जिला परिषद उम्मीदवार

### जनता के विश्वाश पर खरा उतरेगी संतोषी कुमारी, एक मौका दे : सीताराम रविदास

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पहले चरण के तारीखों के ऐलान के बाद संभावित उम्मीदवार अपने अपने नामांकन को लेकर तैयारियां शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में चौपारण भाग तीन से जिला परिषद पद के उम्मीदवार के रूप में बच्छई पंचायत के सेवई निवासी संतोषी कुमारी ने नामांकन की तैयारी पूरी कर लिया है। उक्त बातों की जानकारी देते हुए उम्मीदवार प्रतिनिधि सीताराम रविदास ने बताया कि आगामी 21 अप्रैल को संतोषी कुमारी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी समर का विधिवत रूप से शुभारंभ करेंगी। कहा मुझे पूर्ण विश्वाश है कि संतोषी कुमारी जनता के उम्मीदों पर खरा उतारने का कार्य करेगी व सबका विश्वास भी जीतेगी। सीताराम रविदास ने जनता से एक बार मौका देना का अपील किया। इधर संतोषी कुमारी पति रंजन कुमार ने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य करूँगा। ज्यादा से ज्यादा लोग नामांकन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करें।

## पंडित के दरवाजे पर पहुँच रहे है उम्मीदवार, कब होगा नामांकन, शुभ मुहूर्त का है इंतेज़ार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 का ऐलान होते ही संभावित उम्मीदवारों की गतिविधि तेज़ हो गया है। उम्मीदवार जीत के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाह रहे है। वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया व जिला परिषद के संभावित उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले पंडितों के दरवाजे पर पहुँचे रहे है। अपने बेहतर चुनावी परिणाम को लेकर शुभ मुहूर्त निकलवा रहे है। मालूम हो कि चौपारण प्रखण्ड में पहले चरण का नामांकन प्रक्रिया 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलेगा। इधर बिना शुभ मुहूर्त कोई भी उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने का रिश्क नही लेना चाह रहे है। शुभमूर्हत में नामांकन करने का यह तरीका पंचायत चुनाव में ही नहीं बल्कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी देखने को मिलता है। भले ही जीत उनके पक्ष में हो या हो नही, पर हर बार वह नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व इस तरह के तरीके अपनाते हैं। संभावित उम्मीदवार पंडित से ये जानने का प्रयास कर रहे है कि पर्चा किस समय दाखिल करें। कब घर से निकलें और कौन सा पैर आगे रखें, कैसे वस्त्र पहनें और किस मंत्र या भगवान को याद करते हुए घर से निकलें। पंडित कुंडली देखकर नोमिनेशन की शुभ घड़ी बता रहे हैं। पहली बार चुनावी मैदान में उतर रहे हो या अनुभवी उम्मीदवार कोई रिस्क लेने को तैयार नही है। सभी संभावित उम्मीदवार अपने अपने जीत के प्रति आ. स्वस्त है। अब वाले वाला वक्त ही बतलायेगा कि चुनावी माहौल कौन उम्मीदवार अपने पक्ष में बदल पाता है।

## जयन्ती पर भाजपाइयों ने बाबा साहेब अंबेडकर को किया याद

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



संविधान रचेयत बाबा भीम. राव अंबेडकर की जयन्ती चौपारण में धूमधाम से सम्पन्न हुवा। भाजपा कार्यालय चौपारण में भा. जपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के अगुवाई में कार्यक्रम आयोजत कर बाबा साहेब की जंयती मनाया गया। भाजपाइयों ने बाबा साहेब जीवन यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबडेकर सबके के लिए आदर्श थे। इस दौरान अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी राजेश सहाय ने किया। मौके पर भाजपा मण्डल पालक भरत सिंह, उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव सतेंद्र सिंह, महामंत्री आशिष सिंह, पिछड़ी जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार यादव, प्रखंड मंत्री अर्जुन कु0राणा, अशोक ठाकुर, बिनोद भोक्ता, भोला भूईया, संतोष पासवान आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। वही ग्राम पंचायत झापा के सवैईया मे सासंद प्रति. निधि मुकुंद साव ने भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंति मनाई

## मो तस्लीम अंसारी रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए 21 अप्रैल को भरेंगे प्रपत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो तस्लीम अंसारी ने आगामी पंचायत के लिए मुखिया पद के दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही उन्होंने कहा की इस चुनाव हेतु 21 अप्रैल को मुखिया पद के लिए अपना प्रपत्र भी भरेंगे। साथ ही साथ उन्हा. ने कहा की विगत कई वर्षो से पंचायत के जनता के बीच रहकर जनता के हर एक छोटे बड़े कामों में सहयोग दिया है।

APEM LIVE

## जैन समुदाय के द्वारा निकाली गई महावीर जयंती की भव्य शोभायात्रा,बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा किया गया स्वागत

### जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। :– चंद्र प्रकाश जैन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**





हजारीबाग के जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा के बड़ा बाजार चौक पर जैन समुदाय के अध्यक्ष,महामंत्री सहित कई बड़े पदाधिक. ारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दीदार कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदा. धिकारियों के द्वारा बड़ा बाजार यूथ विंग के समस्त सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने मेंरू– बड़ा बाजार यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, महासचिव चंद्रप्रकाश जैन, अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष विवेक भूषण सिन्हा,रितेश खण्डेलवाल, संजय डिश,संयोजक विकास केसरी,अतिशय जैन,अजय यादव,दीपु जायसवाल उर्फ नवीन,अंकुर जायसवाल,बाबू जौहरी, सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रक. ाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अ. हंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतीत होते हैं। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा जिसका स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। महावीर स्वामी की कृपा से। हम सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों पर महावीर स्वामी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

## अभाविप ने डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हजारीबाग के डिस्ट्रिक्ट मोड में डॉ. भीम. राव आंबेडकर की जंयती मनाई, और माल्यार्पण किया, जिला संयोजक दीपक देवराज ने कहा बाबा साहब का जीवन संघर्षो से भरा रहा। फिर भी बाबा साहब ने अपनी पढ़ाई और मेहनत से समाज में एक उच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्राप्त किया। उन्होंने कहा बाबा. साहेब ने जिस तरह समाज मे फैले जातिवाद और भेदभाव को मिटाने के लिए जितने प्रयास किये,आज सभी युवा को समाज को एक सूत्र में बांधे रखना चाहिए। मौके पर जिला सह संयोजक सोनू राय, नगर मंत्री मंदीप यादव, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय सह प्रमुख मिलन मुंडा , बाबूलाल मेहता,आदित्य यादव,अंजन कुमार, कुंदन मेहता,अनुज कुमार, चिनमय भारद्वाज, पीयूष कुमार, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## डेबो में मना बाबा साहेब कि जयन्ती, मुखिया हुए सम्मिलित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




डेबो में भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बतौर मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया मोहन साव उपस्थित रहे। सर्वप्रथम डॉ अंबेडकर कर तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों व सिद्धांतो लर चलने का निर्णय लिया। मौके पर दशरथ रविदास, गुड्डु रविदास, लक्ष्मण राम, राकेश कुमार, बिनोद कुमार रविदास, धर्म देव रविदास, मंटु रविदास, रंजित रविदास, इन्द्र देव रविदास, रामेश्वर रविदास, विकास पासवान, ललन पासवान सहित अन्य उपस्थित थे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह और आस पास के क्षेत्रों में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**






आज 14अप्रैल 2022को गिरिडीह सहीत आस पास के क्षेत्रों में भारतीय संविधान के निर्माता, प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानुन. विद, समता स्वतंत्रता और समरसता के प्रतीक बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 131वीं जयंती समारोह मनाई गई। गिरिडीह के अ०फिसर्स कालोनी में स्थित अंबेडकर भवन सह पुस्तकालय परिसर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत पुस्तकालय भवन में समारोह सभा का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब भीम. राव अंबेडकर की 131वीं जयंती मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14अप्रैल 1891को हुआ था। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अदभुत मिशाल है जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। अपने संबोधन में इशारों ही इशारों में जमकर आलोचना की। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि मैं गिरिडीह समेत पूरे देशवासियों को इस मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। समारोह को जेएमएम नेत्री प्रमिला मेहरा, रविदास महासभा अध्यक्ष कमल दास सहीत कई अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। समारोह का संच. ालन सुखदेव दास ने किया। आज के इस समारोह में रविदास महासभा अध्यक्ष कमल दास ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर जी का जन्म 14/04/1891को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रुप में हुआ था। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अदभुत मिशाल है जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। बाबा साहेब का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है। सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्मान में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामा. जिक गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर। बाबा साहेब का परिवार मराठी था और वे मूल रूप से महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के अंबडवेकर गांव ताल्लुक रखते थे। अंबेडकर साहेब के पिता कबीर पंथी थे, महार जाति के होने की वजह से अंबेडकर के साथ बचपन से ही भेदभाव शुरु हो गया था। उनके परिवार की आर्थिक हालत बहुत अच्छी नही थी लेकीन शिक्षा के प्रति उनका अटूट प्रेम था इसलिए बाबा साहेब के पिता बालक भीम को अच्छी शिक्षा देने के लिए मन में दृढ़ संकल्पित थे। बाबा साहेब ने प्रारम्भिक शिक्षा लेने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ा लेकिन इन सबके बावजूद भी बाबा साहेब ने न केवल उच्च शिक्षा हासिल की बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया। बाबा साहेब समाज में दलित वर्ग को समानता दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। देश से जातिप्रथा जैसी कुव्यवस्था को हटाने के लिए तमाम आन्दोलन किए थे। एक दलित परिवार से ताल्लुक रखने वाले बाबा साहेब ने अपने बचपन में भी कई यातनाएं झेली थी जिनका गहरा असर उनके व्यक्तित्व पर पडा। बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। पूरे विश्व में उनके मानवाधिकार आंदोलनों की विद्धता जानी जाती है। बाबा साहेब अंत. रराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी हासिल करने वाले देश के पहले अर्थशास्त्री थे। उन्होंने 1915में अमेरिका के प्रतिष्ठित कोलंबिया यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स में एमए की डिग्री हासिल की, इसी विश्वविद्यालय से 1917में उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी की। कुछ दिनो बाद लंदन स्कूल अ०फ इकोन०मिक्स से भी अर्थशास्त्र में मास्टर और डाक्टर ऑफ साइंस की डिग्रियां हासिल की। 2015से अंबेडकर जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है, बाबा साहेब को 31मार्च 1990को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। आज के इस समारोह में शिवनारायण दास (अंबेडकर संचालन समिति अध्यक्ष) कामेश्वर यादव (अधिवक्ता), टेको दास, दामोदर गोप, संजय सिंह (जेएमएम गिरिडीह जिलाध्यक्ष) रुपलाल दास, अनवर अंसारी (गिरिडीह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य सह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष) सहीत सैंकड़ों लोग मौजूद थे

## दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा का 96वां महासम्मेलन बोले अतिथि

### क्षत्रिय एक धर्म है जाती नहीं, :–उदयभान

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**







क्षत्रिय एक धर्म है जाती नहीं।क्षत्रियों को क्षत्रिय धर्म का पालन करना चाहिए।क्षत्रिय धर्म कहता है कि सभी धर्मों को साथ लेकर चलें।ऊक्त बाते गुरुवार को हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखण्ड के कण्डसार परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में दहेज उन्मूलन क्षत्रिय महासभा का 96वां सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि हम राजपूतों का जो इतिहास है उसे हमे बरकरार रखने की जरूरत है।राजपूतों को रा. जपूती एकता का परिचय देना चाहिए।जब हमारा समाज एकता के एक सूत्र में बंधे रहेंगे तभी राजपूत समाज का विकास होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कुमार सिंह,एवं संचालन कृष्णा कुमार सिंह ने की।वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथो हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि राजपूत समाज का एक अपना इतिहास है।जिसने दहेज लेन देन के खिलाफ एक मुहिम चालाई है।इस दहेज के विरुद्ध अभियान में मैं भी हूँ।उन्होंने दहेज को समाज का सबसे बड़ा दुश्मन माना।उन्होंने कहा कि दहेज वर्तमान समय मे समाज का सबसे बड़ा बाधा है।श्री जायसवाल ने कहा कि सदर विधान सभा के अंतर्गत जमीन दें मैं विधायक निधि से भवन बनवाऊंगा।गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीयगान गाकर एवं समाज समिति के सूत्रधारों के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप जलाकर किया गया।उसके बाद पूर्व निर्धारित समय और कार्यक्रम के तहत सभा मे आने वाले आगन्तुको की उपस्थिति,महामंत्री द्वारा सम्बोधन,एवं कार्यक्रम में खुला अधिवेशन जिसमे समाज ब्यापय बुराइयों को हटाकर समाज को अच्छाई की ओर ले जाने एवं युवा मंच का भी आयोजन किया गया।समाज के प्रबुद्ध लोगो ने समाज मे फैले अशिक्षा को मिटा कर समाज मे शिक्षा की ज्यादा से ज्यादा ब्यवस्था हो इस पर भी चर्चा किया गया।समाज के लोगो ने समाज को विकास की ओर ले जाने का सुझाव भी दिए।कार्यक्रम को सभापति गोपाल सिंह,महेश कुमार सिंह,जगदीश नारायण सिंह,रामचंद्र सिंह,सत्येन्द्र सिंह,के के सिंह,राकेश कुमार सिंह,सत्येन्द्र सिंह,रामलखन सिंह,राज सिंह चौहान,त्रिभुवन सिंह,ईशो सिंह धमना,सकलदेव सिंह,प्रामोद कुमार सिंह,बसन सिंह,मुरली सिंह,कैलाशपति सिंह,आदित्य सिंह,रामरक्षा सिंह,शम्भू नाथ सिंह, आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामानुज सिंह,पंचम सिंह,रामचरित्र सिंह,गणेश सिंह ,पंकज सिंह,सहित दर्जनों राजपूत समाज के युवा का नाम शामिल है।

## एनटीपीसी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




अंबेडकर जयंती मनाते एनटीपीसी के अधिकारी गण

आधुनिक भारत के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 131 वीं जंयती के उपलक्ष्य पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। भारतीय विधिवेत्ता, राजनी. तिज्ञ, दार्शनिक, मानव. विज्ञानी, इतिहासकार, अर्थशास्त्री, एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास. तुकार, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए, परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी. आर. रेड्डी ने कहा, ष्हमें भारत के इस महान सपूत के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि हम हमारे देश को श्सामाजिक और आर्थिक न्यायश और श्स्थिति और अवसर की समानताश के सिद्धांतों पर विकसित करके ही दे सकते हैं।इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने कहा, ष्मैं आज बाबासाहेब भीम. राव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। गरीबों और दलितों के उत. थान के लिए बाबासाहेब की दृष्टि हमें कमजोर वर्गो के कल्याण और सश. क्तिकरण के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती है। राष्ट्र बाबासाहेब के अपार योगदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा।ष स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बाबा साहब की विचारधारा के प्रभाव और महत्व को याद करते हुए समारोह की शुरुआत हुई। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद (उपमहाप्रबंधक, सुरक्षा), बीरेंद्र कुमार (उपमहाप्रबंधक, पर्यावरण) और अन्य सभी वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

**अपेम लाइव : धनवार**
**सहबाज आलम**




धनवार प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोविड-19 के बाद विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चे कीउपस्थिति को लेकर बल दिया गया। धनवार के सभी विद्यालय मैं अधिक से अधिक बच्चे को जोड़ने पर बल दिया गया और वही कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बताया गया कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जागरूक अभियान चलाने जिससे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक बच्चे जुड़ सकेंगे। 20 सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी ने कहा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे विद्यालय पूरी तरीके से जुड़े और विद्यालय से अच्छे अध्ययन करने का काम करें इसके लिए मैं काफी चिंतित हूं। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर पूर्ण रूप से बल दिया। वही बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भी सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी, सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, पवन साव , बी ई ओ सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पंकज गुप्ता ने सरजू राय के द्वारा लगाए गए आरोप को बताया बेबुनियाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


पंकज गुप्ता

कांग्रेस पार्टी के युवा नेता जिला कांग्रेस महासचिव पंकज गुप्ता ने प्रेस विज्ञ. प्ति जारी कर विधायक सरजू राय के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर को. विड–19 की प्रोत्साहन राशि कि घोटाला करने का लगाया गया आरोप को बेबुनियाद बताया है। पंकज ने कहा कि सरजू राय ओबीसी जाति को टारगेट कर रहे हैं। सरजू राय झारखंड सरकार में आपूर्ति मंत्री थे उस वक्त लोगों को घटिया चावल का पूर्ति करवाते थे और दामोदर नदी की सफाई नहीं हुई इसकी जांच होनी चाहिए।

## भाजपाईयों ने मनाया संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की जयंती

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जयंती मनाते भाजपाई

हरली पंचायत सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं महामंत्री सुमन गिरी के संचालन में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम. राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के पुर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि अनुसुचित मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष महेन्द्र राम उप. स्थित हुए। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बारी बारी से बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अतिथि पुर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना कर सभी लोगों के समान भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया एवं संविधान निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति के हजारीबाग जिला अध्यक्ष महेन्द्र राम ने कहा कि भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, रा. जनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृ तिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व तथा संचालन महामंत्री नरसिंह प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, दामोदर सिंह,टुकेश्वर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, मंडल पालक बड़ा ड०क्टर बालेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि राम पति राम, राजेश कुमार सिंह उर्फ जुगनू सिंह, बड़कागांव पश्चिमी मुखिया अनीता देवी, मुखिया महेंद्र महतो, अनुसुचित मोर्चा जिला महामंत्री रंजीत राम, उपाध्यक्ष अशोक साव, अवध किशोर यादव, अरुण मालाकार, नंदलाल महतो, शिव शंकर महतो उर्फ शिबू , गौतम वर्मा, रूबी देवी, मनीष पांडे, उदय कुमार मेहता, किशोर राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सचिदानंद पाण्डेय, एसटी मोर्चा अध्यक्ष जागेश्वर तुरी, राजू कुमार गुप्ता, अरुण कुमार ,रवि सोनी ,कालीचरण गुप्ता, निर्मल साव,महाबीर राम, सेवंती कुमारी,नीरो देवी, अमृत रजक, महेश रजवार, अशोक पासवान, टिकेश्वर कुमार,भुपाल स्वर्णकार,अनुज गोप, उमेश महतो, नन्दलाल राम, रा. जेश गिरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बड़कागांव रामनवमी जुलूस झांकी मे संगम युवा क्लब को प्रथम स्थान

### आदर्श गुरु चट्टी दूसरा एवं कुशवाहा मोहल्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


प्रथम पुरस्कार ग्रहण करते संगम युवा क्लब के लोग।

बड़कागांव रामनवमी के मौके पर निकाली गई जुलूस एवं झांकी को लेकर बड़कागांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रा. जेश गुप्ता के नेतृत्व में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह व अन्य अतिथियों के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया।जुलूस एवं झांकी की मूल्यांकनकर्ता विनोद सिन्हा एवं प्रवीण कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से बेहतर प्रदर्शन करने वाले झांकियों की सूची तैयार की गई जिसमें प्रथम स्थान संगम युवा क्लब बसरिया टोला की झांकी को प्रथम स्थान, आदर्श गुरु चट्टी को द्वितीय एवं कुशवाहा मो. हल्ला बड़कागांव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा अन्य 8 झांकियों को उनके बेहतर एवं सौ. हार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के रूप में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा प्रखंड में पहली बार नवमी की रोज बड़कागांव ठाकुर मो. हल्ला के महिलाओं द्वारा तलवार लेकर निकाली गई भव्य जुलूस को खूब सराहना हुई उन्हें द बेस्ट जुलूस की पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही बड़कागांव थाना के ए एस आई रुस्तम अली के बेहतर कार्य के लिए उन्हें समिति के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह , शशि कुमार मेहता ,कजरू साव ,कोलेश्वर साव , स्टेज तैयार करने वाले जोगन राम व अन्य को गेरुवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से संचालक संजय सागर, सुजीत कुमार ओझा, बैजनाथ महतो, रवि कुमार महतो, उप मुखिया रंजीत कुमार, गौतम वर्मा, संतोष ठाकुर ,नवीन ठाकुर ,विशाल ठाकुर, दुर्गा सोनी, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## डॉ भीमराव अंबेडकर कि 131वीं जयंती मनाई गई चौक चौराहे पर निकाली शोभा यात्रा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


संबोधित करते विधायक अंबा प्रसाद

प्रखंड में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रघुनाथ राम एवं संचालन पूर्व पंसस राजीव रंजन ने किया मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा में विधायक अंबा प्रसाद ,जिपस टुकेश्वर प्रसाद, आजसू पार्टी रोशन लाल चौधरी, दीपक दास, अनीता देवी , दामोदर सिंह , पंकज गुप्ता समेत अन्य अतिथियों ने माल्यार्पण किया । विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमारे भगवान के समान है । क्योंकि इन्होंने भारत के संविधान लिख कर हम सभी मानव को हक और अधिकार और जीवन जीने की शक्ति दी है। महिलाओं को जो अधिकार दिया आज इसका परिणाम भी दिख रहा है मैं यहां सभा को संबोधित कर रही हूं तो बाबा साहब अंबेडकर की देन है। जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद , मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बाबा साहब का सपना तभी पूरा होगा जब हम सब आज के दौर में इनके विचारों पर पहल करें और कार्य करें । मौके पर दामोदर प्रसाद सिंह , कृ ष्णा राम, अजीत कुमार रवि , दीपक दास , रामसेवक सोनी ,मुखिया अनीता देवी, डॉ बालेश्वर महतो, रामपति राम, विशेश्वर नाथ चौबे , रविंद्र गुप्ता, संजय महतो, समा. जसेवी कालेश्वर साव गो. विंद महतो ,मुनेश कुमार राम, रामेश्वर राम ,चेतलाल राम ,रामवृक्ष राम, महेश राम ,अरुण मालाकार , जुगनू सिंह, आशीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## माइनिंग इंस्पेक्टर सुनील कुमार एवं ग्रामीणों के द्वारा हुआ मंदिर छत की ढलाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


छत ढलाई में शामिल माइनिंग इंस्पेक्टर सुनील कुमार एवं अन्य

बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ – छपेरवा के महाबीर मंदिर व विश्वकर्मा मंदिर का छत की ढलाई का शुभारंभ मुख्य अतिथि हजारीबाग के माइनिंग इंस्पेक्टर सह सांढ़ निवासी सुनील कुमार व गांव के प्रबुद्ध ग्रामीणों के द्वारा कड़ाई से मसाला उठाकर छत की ढलाई किया गया । मौके पर पुजारी मनोहर प्रसाद दांगी ,मंदिर निर्माण अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, सचिव कृ त्यानंद महतो, कोषाध्यक्ष पूरण महतो, ग्राम अध्यक्ष उपेंद्र कुमार वर्मा, सचिव राजीव कुमार रंजन, छपेरवा समाज के अध्यक्ष संतोष महतो ,गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु, वार्ड सदस्य सह पत्रकार आनंद राज ,महेंद्र विश्वकर्मा ,अरुण विश्वकर्मा के अलावा अन्य शामिल थे।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल बड़कागांव में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


अंबेडकर जयंती में शामिल शिक्षक व छात्र-छात्राएं

बड़कागांव भगवान बागी स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रियासत हसन ने डा भीम. राव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के शिक्षक लाल देव कुमार, राजू कुमार राणा, तौहीद आलम, वीरेंद्र कुमार, अनामिका कुमारी आदि ने भीमराव अंबेडकर के जीवन से सं. बंधी विभिन्न घटनाएं प्रस्तुत की। उनके जीवन में सं. बंधित प्रेरक घटना एवं उनकी शिक्षाओं को विद्यालय की छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रियासत हसन ने बताया कि भीमराव अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। वहीं विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने ड० अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक कुलदीप राणा ने किया इस मौके पर विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी, प्रधानाचार्य रियासत हसन, उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार, शिक्षक वीरेंद्र कुमार, कुलदीप राणा, राजू कुमार राणा, तोहिद आलम, अनिता कुमारी, अनामिका कुमारी, रिचा वर्मा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## पुलिस द्वारा किसान को घर बनाने से रोकने के खिलाफ कर्णपुरा में माले का प्रतिवाद

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



बेंगाबाद पुलिस जमीन दलालों के इशारे पर आम लोगों को परेशान करने का काम कर रही है। कर्णपुरा में एक स्थानीय किसान बाबूलाल चौधरी को उनकी खुद की जमीन पर घर बनाने से स्थानीय पुलिस ने बिना वजह रोक कर वहां काम करने वाले मज. दूरों को भी खदेड़ कर भगा दिया। घर के लोगों को पुलिस ने काम नहीं करने की धमकी दी है। जबकि इसकी वजह पूछने पर पुलिस उन्हें कोई ठोस कारण भी नहीं बता रही है। जिले के आला अधिक. ारी मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करें, अन्यथा पार्टी इस तरह के मामलों को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। उक्त बातें भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने आज सुबह कर्ण. पुरा में पार्टी की अगुवाई में आयोजित एक प्रतिवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही, जिसका आयोजन पुलिस की उपरोक्त कार्रवाई के विरुद्ध किया गया था। श्री यादव ने कहा कि, यदि आम लोगों को इस तरह परेशान किया जाता रहा तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जरूरत पड़ी तो बेंगाबाद थाना के इस रवैये के खिलाफ अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा।आज के प्रतिवाद कार्यक्रम में महादेव महतो, बाबूलाल चौधरी, अब्दुल रहीम, बाली शर्मा, दशरथ यादव, झरी महतो, रितेश चौधरी, सीताराम चौधरी, आमना खातून, उर्मिला देवी, स्मिता देवी, मुन्नी देवी, सोनी देवी, उर्मिला देवी, मुनिया देवी, शान्ति देवी, निजाम अंसारी, कासिम अंसारी, टेकलाल चौधरी, मनोज चौधरी, गोपाल चौधरी, रेसमन चौधरी, योगेंद्र चौधरी, कारू चौधरी, मुन्ना चौधरी, इंतियाज अंसारी, भुनेश्वर चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## विद्यालय के स्थापना दिवस व डॉक्टर भीम रॉव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर किया खेल खुद का आयोजन

**अपेम लाइव : व्यूरो चीफ गिरिडीह**



दिव्य एकडमिक आवासीय विद्यालय बिरनी के स्थापना दिवस एवं सविंधान रचियता भारत रत्न डाक्टर भीम रॉव अम्बेडकर के जयंती समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक व शिक्षकों ने बच्चों के लिए खेल खुद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जिसमे जिन बच्चों ने प्रतिस्पर्धा में तथा बीते वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्सन किया उन्हें पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के संस्थापक नविन वर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे, वहीं विद्यालय के संचालक मुन्ना साव तथा पंकज गुप्ता भी उपस्थित थे। इस प्रतिस्पर्धा'विद्यालय के स्थापना दिवस व डॉक्टर भीम रॉव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर किया खेल खुद का आयोजन दिव्य एकडमिक आवासीय विद्यालय बिरनी के स्थापना दिवस एवं सविंधान रचियता भारत रत्न डाक्टर भीम रॉव अम्बेडकर के जयंती समारोह के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक व शिक्षकों ने बच्चों के लिए खेल खुद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जिसमे जिन बच्चों ने प्रतिस्पर्धा में तथा बीते वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्सन किया उन्हें पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के संस्थापक नविन वर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे, वहीं विद्यालय के संचालक मुन्ना साव तथा पंकज गुप्ता भी उपस्थित थे। इस प्रतिस्पर्धा में शिक्षक अरविन्द कुमार, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, बप्पी पलवी,दीपक कुमार,विशाल कुमार बर्मा, कविता वर्नावाल, विनोद कुमार, संजय शर्मा, प्रमोद कुमार, अभिषेक गुप्ता उप. स्थित थे. में शिक्षक अर. विन्द कुमार, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, बप्पी पलवी,दीपक कुमार,विशाल कुमार बर्मा, कविता वर्नावाल, विनोद कुमार, संजय शर्मा, प्रमोद कुमार, अभिषेक गुप्ता उपस्थित थे.

## बाबा भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयन्ती मनाई गई

**अपेम लाइव : गिरीडीह प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज पीरटांड़ प्रखंड के ग्राम कठवारा में अम्बेडकर युवा समिति रविदास टोला कठवारा के द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किया गया और उनकी 131 वी जयंती बड़े धूमधाम मनाई गई। सबसे पहले बराकर तक जुलुश निकला गया।सभी जय भीम का नारा बुलंद कर के किया।उसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक श्री सुदिव कुमार सोनु पहुचे और बाबा भीम. राव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया तथा फीता काटकर उद्घटान किया गया।उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि आज पूरा देश मे बाबा साहेब का 131 वी जयन्ती मना रहा है।बाबा भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्षो में गुजरा लेकिन हार नही मनी और सफलता हासिल किया।साथ ही साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा बाबा साहेब को कभी भी भुला नही जा सकता है।उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया जिसे याद किया जाता है। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद दास,सचिव दीपेंदर दास, जिला परिषद प्रमुख सिकंदर हेम्ब्रम कुमारलालो के मुखिया सुभाष कुमार,भोला पाठक धर्म दास, मुकेश दास, खीरु दास,प्रदीप दास, छोटी दास आदि उपस्तित थे।

## बिरनी :- भरकटटा डाक बंगाल में मनाया गया संविधान निर्माता अम्बेडकर का जयंती समारोह

### संविधान को हटाने की साजिश रची जा रही हैं :-शेखर शरण दास

**अपेम लाइव : व्यूरो चीफ गिरिडीह**



बिरनी प्रखण्ड के भरकट्टा अंतर्गत पानी टंकी के समीप डाकबंगला परिसर में गुरुवार को संविधान रचियता डॉ भीमराव अम्बेडकर का 131वाँ जंयती बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुनेश्वर दास तथा संचालन शेखर शरण दास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि माले के प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह, रामु बैठा, सहदेव यादव, आर.वाइ.ए के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जैसवाल मुस. तकीम अंसारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत डo भीमराव अंबेडकर के फोटो में माल्यार्पण कर आरम्भ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को लाल गमछा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में उपस्थित लोगों बाबा साहेब के याद में 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया। इतना ही नही कार्यक्रम के दौरान आजसू छोड़कर वरिष्ठ नेता महमूद आलम ने भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण किया। संचालन कर रहे शेखर शरण दास ने कहा संविधान खतरे में है आज संविधान को हटाने की सा. जिश चल रही है। बाबाज साहब के विचारो का देश बनाना है भगत सिंह के सपनो का भारत बनाने के लिए हमें संकल्प लेना है।मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि समाज में फैले असमानता को दूर करना बाबा साहेब का उद्देश्य रहा है। किंतु क्या वर्तमान सरकार उनके आदर्शो से काम नहीं कर रही है। कहा की उनके जयंती में सिर्फ उन्हें याद न करें बल्कि उनके विचारों का अनुपालन भी करें। वर्तमान सरकार दलितों कमजोर लोगों की जो बात उठाता है उसे जेल भेज दिया जा रहा है। बाबा साहब का उद्देश्य था कि समाज में राजनीति, आर्थिक रूप असमानता को समाज से दूर करना है, आजादी के 75 साल भी ये असमानता देखी जा रही है। देश में भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए विधायक ने कहा कि उनके सपने को पूरा करने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा देश में खान-पान तक के चीजों तक भेदभाव कर रही है। बकरे को काटने में कोई भेदभाव नहीं लेकिन कुछ दिन पहले जेएनयू के छात्रों पर खान-पान में भाजपा द्वारा भेदभाव किया गया। कहा कि आज समाज को जाति, धर्म , व्यक्ति विशेष की राजनीति कर भाजपा सरकार समाज को बांटने का काम कर रही है। सभा को बारी बारी से सभी वक्ताओं ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुनेश्वर दास ने किया जबकी संचालन शंकर शरण दास ने किया।

## पांच सालों में खूब सराही गई मुखिया इंदु देवी को

## बिरनी प्रखंड के कपिलो गांव की मुखिया इंदु देवी इस बार नहीं उतरेगी चुनावी मैदान में

**अपेम लाइव : गिरीडीह मुमताज अंसारी**





राज्य में पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है बेशक चुनाव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रहा है लेकिन तमाम राजनीतिक दल अपनी सियासत जमीन को मजबूत बनाने के मकसद से सक्रिय है आलोचक पिछले 5 साल के पंचायती राज्य के कार्यकाल को बेहतर अंक नहीं रहा है वजह या है कि इस आ. विधि के दौरान परिषद की बैठक में काम काम और हंगामा अधिक हुआ इतना ही नहीं प्रखंड स्तरीय बैठक में भी हंगामा हुआ इन विवादों के बीच गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के कपिलो पंचायत की महिला मुखिया इंदु देवी का कार्यकाल पिछले पांच सालों तक उदाहरण रहा पांच साल के दौरान जिले में पंचायती राज व्यवस्था को लेकर पंचायती राज्य के जनप्रतिनिधि उतने गंभीर नहीं रहे जितना होना चाहिए इस बीच इंदु देवी ने देशभर में चर्चा में रहे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर जनप्रतिनिधि का रुतबा बनाने में कामयाब रही मुखिया इंदु देवी के बेहत. रीन कार्यकाल के कारण ही उन्हें दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मानित किया स्वच्छ मिशन की एशिया मिशन हेड निक. ोलस औसबैंड ने भी इन्हें सम्मानित किया और जिला स्तर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार सम्मानित की गई दीनदयाल उपाध्याय महिला शक्तिशाली के तहत कपिलो पंचायत में स्वयं सहायता समूह को संचालन करने को लेकर पीएम मोदी ने साल 2017 एवं साल 2018 नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया इसके बाद कपिलो पंचायत के 4 गांव में समुदाय भवन की देखरेख के लिए साल 2019 एवं साल 2020 में पीएम मोदी ने इंदु देवी को काम की जमकर तारीफ की इंदु देवी के अर्थक प्रयास से पूरे पंचायत के चार गांव के1250 घरों में नल से जल पहुंचाने और एक एक गांव में चबूतरा निर्माण मैं टाइल्स और मार्बल लगाया योजना की शत् प्रतिशत राशि खर्च कर पंद्रह प्रतिशत के साथ एक एक योजनाओं को धरातल पर उतारा लिहाजा एक तरफ गिरिडीह में पिछले पांच साल के दौरान दीवा दो के बीच पंचायत राज व्यवस्था चलती रही दूसरी तरफ इसी गिरिडीह जिले के कपिलो पंचायत है जो बिरनी प्रखंड के अंतर्गत आता है इस महिला मुखिया इंदु देवी का कार्यकाल अच्छा रहा वैसे हर पंचायत जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल पर तमाचा है जो महत्वपूर्ण बैठक में हंगामा करते रहे हालांकि इस बार कपिल पंचायत पुरुष अरिक्षित सीट होने के कारण इंदु देवी चुनाव लड़ने से वचित रह गई लेकिन चुनाव अब इंदु देवी के बजे उनके पति मुकेश यादव लड़ने वाले हैं

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी